# ECHO OF HIS CALL

HINDI

# बुलावे की प्रतिध्वनि

ECHO OF HIS CALL 1969-2019 GOLDEN JUBILEE
REACHING NATIONS

India's National Spiritual Newspaper

₹ 10/-

Published monthly in ENGLISH, TAMIL, MALAYALAM, TELUGU, HINDI, KANNADA, MARATHI, BENGALI, GUJARATI, ODIYA, ASSAMESE, PUNJABI, NEPALI, URDU, SINHALA & AFRIKAN

Editor : S. SAM SELVA RAJ | 16 Languages | Associate Editor : Sis. DOROTHY S. THOMAS

Vol. XXX | YEAR OF OUR LORD JESUS CHRIST, 2025 JUNE | No.07




पवित्र बाइबल!
इन वचनों को याद करें
परमेश्वर की स्तुति हो
भजन 27:1-6

1 यहोवा परमेश्वर मेरी ज्योति और मेरा उद्धार है; मैं किस से डरूँ? यहोवा मेरे जीवन का दृढ़ गढ़ ठहरा है, मैं किस का भय खाऊँ?

२ जब कुकर्मियों ने जो मुझे सताते और मुझी से बैर रखते थे, मुझे खा डालने के लिये मुझ पर चढ़ाई की, तब वे ही ठोकर खाकर गिर पड़े।

३ चाहे सेना भी मेरे विरुद्ध छावनी डाले, तौभी मैं न डरूँगा; चाहे मेरे विरुद्ध लड़ाई ठन जाए, उस दशा में भी मैं हियाव बाँधे निश्चिंत रहूँगा।

४ एक वर मैं ने यहोवा से माँगा है, उसी के यत्न में लगा रहूँगा; कि मैं जीवन भर यहोवा के भवन में रहने पाऊँ, जिससे यहोवा की मनोहरता पर दृष्टि लगाए रहूँ, और उसके मन्दिर में ध्यान किया करूँ।

५ क्योंकि वह तो मुझे विपत्ति के दिन में अपने मण्डप में छिपा रखेगा; अपने तम्बू के गुप्तस्थान में वह मुझे छिपा लेगा, और चट्टान पर चढ़ाएगा।

६ अब मेरा सिर मेरे चारों ओर के शत्रुओं से ऊँचा होगा; और मैं यहोवा के तम्बू में जयजयकार के साथ बलिदान चढ़ाऊँगा; और उसका भजन गाऊँगा।

# क्या आप अपने बच्चों के लिये विरासत छोड़ जा रहे हैं?

ARE YOU LEAVING A LEGACY TO YOUR CHILDREN?

*बहन एन्जल*



हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के नाम में हमारे सभी प्रिय एको ऑफ़ हिज़ कॉल परिवार के सदस्यों को अभिवादन।

यह विश्वास करना मुश्किल है कि हम 2025 के लगभग छह महीने पहले ही पूरे कर चुके हैं। ऐसा लगता है जैसे कि साल अभी शुरू ही हुआ है, और फिर भी हम पहले से ही इसके दूसरे भाग में प्रवेश कर रहे हैं। यह हमें हबक्कूक 3:2 पद का स्मरण दिलाता है : **"हे यहोवा, वर्तमान युग में अपने काम को पूरा कर; इसी युग में तू उसको प्रगट कर।"** मैं प्रार्थना करती हूं कि प्रभु आपको, आपके परिवार, आपकी सेवकाई और आपके व्यवसाय, पेशे या अध्ययन को वर्ष के इस दूसरे भाग में अपने ईश्वरीय अनुग्रह और दया के साथ फिर आरम्भ करें।

लूका अध्याय 15 पवित्रशास्त्र का एक प्रसिद्ध अंश है। पिछले महीने, मैंने खोई हुई भेड़ के दृष्टांत के बारे में लिखा था - वह भेड़ जिसे चरवाहा ढूंढ़ने गया था, और निन्यानबे भेड़ों को पीछे छोड़ दिया था। पूरे अध्याय को 99:9:1 के रूप में संक्षेपित किया जा सकता है - 99 भेड़ें जो

*पृष्ठ 3 में क्रमशः...*




एको ऑफ़ हिज़ कॉल *5 मिनिट का संदेश!!*

यू ट्यूब *मसीही चैनल!*

तुम्हें पास्टर एस. सैम सिल्वा राज के साथ प्रार्थना करने का अवसर मिलेगा!

*अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल और तेलूगू*

*प्रतिदिन सुबह 2 बजे*

*तमिल रविवार सभा - सुबह 8:30 बजे*

* Please Subscribe and Share *

# ECHO OF HIS CALL - (1969-2019 GOLDEN JUBILEE YEAR)



## *from your dearly beloved brother...*

REACHING NATIONS



**OUR MISSION POLICY**

We should expound and teach the contemporary generation the undiluted teachings of the ancient and early Apostles. It is the need of the hour.

HON. EDITOR-IN-CHIEF
Rev. Angeline S. Kumari, M.A., M.Sc., M.Ed.
EX MANAGING EDITOR
Pastor Alex Samson Sam, B.Th., M.Div.
GENERAL MANAGER
Bro. N. Prakasam, M.A., M.Sc.(C&P), PGDHRM., MBA.
ADMINISTRATION
Sis. Jesy Veena Sam
Adv. K. Puratchivendan, M.Com., C.A., B.L.
Dr. P.E.R. Premchand, M.Sc., M.A., M.Ed., Ph.D.
Dr. C.G.S. Baburao, B.Tech., M.Tech. (DM), Ph.D.
Dr. Rabinder Boaz, M.S. (CMC)
EDITORIAL BOARD
Dr. Serena Bevin, M.A., M.Phil., B.Ed.
Sis. Sajini Cherian
Rev. Dr. K.R. Rajasekaran
Rev. Dr. William Robert, Ph.D., DD, D.Lit.

EDITOR, PUBLISHER & PRINTER
Pastor S. SAM SELVA RAJ
Echo of His Call Printers
10, Mohammed Abdullah 2nd Street,
Chepauk, Chennai- 600 005, India.
Phone : (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766
Cell : (+91) 98410 71852, 98412 71858 95661 31858
E.MAIL
sam@echoofhiscall.org
biblecor@yahoo.co.in
WEBSITES
www.echoofhiscall.org
www.stpaulsmatriculation.org
YOUTUBE CHANNEL
Echo of His Call

**"यहोवा जो आकाश और पृथ्वी का कर्ता है, हमारी सहायता उसी के नाम से होती है।" भजन 124:8**

मसीह में प्रिय,

हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के नाम से अनुग्रह, शांति और सारी भलाई आप पर बनी रहे।

हम एक अच्छे और विश्वासयोग्य परमेश्वर की सेवा करते हैं, और हम उस मार्ग के लिए हमेशा आभारी हैं जिस पर वह हमें ले चलता है। हम अपने समर्पित सहकर्मियों और भागीदारों के लिए प्रभु को हृदय से धन्यवाद और स्तुति देते हैं जो चुनौती और कठिनाई के समय में भी हमारे साथ ईमानदारी से यात्रा करते हैं। आपकी निरंतर प्रार्थनाओं की हम सराहना करते हैं।

हम अप्रैल और मई के महीनों के दौरान विभिन्न स्थानों पर बच्चों के लिए आयोजित हमारे अवकाशकालीन बाइबल स्कूल बहुतायत की आशीष देने के लिये परमेश्वर का धन्यवाद करते हैं। हम



*संतोषपुरम का अवकाशकालीन बाइबल स्कूल*

इस परियोजना को एक महान सफलता बनाने में उनके अथक प्रयासों के लिए मसीह में अपने सभी सहकर्मियों, भाइयों और बहनों के प्रति ईमानदारी से आभारी हैं। प्रभु आपकी प्रार्थनाओं, भेंटों और बलिदानों को भरपूर प्रतिफल दे। कृपया आप और आपके परिवारों के लिए हम हृदय प्रार्थना करने का आश्वासन देते हैं।



*नहेम्याह बाइबल कॉलेजों की संकाय बैठक*

नहेम्याह बाइबल कॉलेजों की संकाय बैठक 21 अप्रैल, 2025 को आयोजित की गई थी, जिसमें आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025–2026 के लिए कार्य योजना पर प्रार्थनापूर्वकत्र चर्चा की गई थी।

Our Ministries: ECHO OF HIS CALL Monthly Magazines (16 languages) BIBLECOR - Postal Courses (3 languages) YouTube Ministry Online Courses Theological Correspondence Courses (2 languages) Church Planting Nehemiah Bible Colleges Gospel Printing Press Great Commission Partners St. Paul's Matriculation School Crusades Community Development

परमेश्वर के अनुग्रह से, हमारे नहेम्याह बाइबल कॉलेजों और सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल दोनों में कक्षाएं शुरू हो गई हैं। हम प्रिंसिपलं, शिक्षा और गैर-शिक्षा कर्मचारियों और शैक्षणिक सेवा में शामिल सभी लोगों के लिए आपकी प्रार्थनाओं का अनुरोध करते हैं।

मसीह के मिशन में सहकर्मियों के रूप में, हम आपकी निरंतर मध्यस्थता चाहते हैं ताकि हम अपने सभी प्रयासों में का भरपूर अनुग्रह प्राप्त कर सकें।

एको ऑफ हिज़ कॉल सेवा परिवार
Email: sam@echoofhiscall.org

**URGENT NEED**

**Teachers (All Subjects) for**

**ST. PAUL'S MATRICULATION SCHOOL,**
**An *Echo of His Call* Institution**
**Vijayanagaram, Medavakkam,**
**Chennai - 100.**

We need well qualified, experienced, dedicated, hard working and mission oriented Christians.
Apply with Bio-data to
E.mail: sam@echoofhiscall.org
WhatsApp: (+91) 98412 71858




## अत्यंत आवश्यक सूचना!

निकट भविष्य में एको ऑफ हिज़ कॉल के डाक प्रेषण में अपरिहार्य रुकावटें हो सकती हैं। यदि आप बिना किसी रुकावट के एको ऑफ हिज़ कॉल प्राप्त करना जारी रखना चाहते हैं, तो कृपया हमें अपना नाम, पता, ईमेल और व्हाट्सएप नंबर पत्र, ईमेल, फोन कॉल या एसएमएस/व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से तुरंत भेजें।

आपका समर्थन हमें आपकी बेहतर सेवा करने में मदद करता है!

**हमारा पता :**

**ECHO OF HIS CALL,**
10, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005, India
Cell: (+91) 98412 71858 / 98410 71858 E.mail: sam@echoofhiscall.org

*पृष्ठ 1 से आगे:...*

बची रहीं, 9 सिक्के जो खोए नहीं थे, और 1 बेटा जो अपने पिता के घर को छोड़कर चला गया, अपने पिता के प्यार को समझने में विफल रहा।



*पिता का प्रेम*

चूँकि भारत में फादर्स डे जून के महीने में मनाया जाता है, इसलिए मुझे लगा कि मुझे उसी अध्याय से प्रेरणा लेते हुए पिता के प्यार पर चिंतन करना जारी रखना चाहिए।

मैं समझती हूं कि यह संदेश सभी को पसंद नहीं आ सकता - खासकर वे जो बिना पिता के बड़े हुए हैं, या जिनके पिता उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने में विफल रहे हैं। आप में से जो लोग इस स्थिति में हैं, मैं उनसे सच्चे दिल से क्षमा मांगती हूं और उनके प्रति हार्दिक सहानुभूति रखती हूं। मैं उन एकल माताओं की अविश्वसनीय ताकत और त्याग को भी स्वीकार करना चाहती हूं जिन्होंने पिता की भूमिका निभाने के लिए अपनी सीमा से ज़्यादा काम किया है। यह एक असाधारण रूप से चुनौतीपूर्ण भूमिका है, और यदि आप उस मार्ग पर चल रहे हैं, भले ही एक स्त्री के रूप में पिता के पद पर कदम रख रही हैं - तो आपको सलाम!

मैं उन लोगों का भी सम्मान करना चाहूंगी जो अभी भी बच्चे होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और प्रार्थना कर रहे हैं, जैसे कि यूहन्ना बपतिस्मा करने वाले के पिता जकर्याह के समान। भले ही आपके पास अभी तक जैविक बच्चे न हों, मेरा मानना है कि परमेश्वर आपको पालन-पोषण, मार्गदर्शन और परवरिश करने के लिए कई आत्मिक बच्चों की आशीष देंगे। ढाढ़स बान्धें और हियाव रखें!

मैं यह सब शुरुआत में इसलिए बता रही हूं क्योंकि एक बार मेरे साथ एक शक्तिशाली मुकाबला हुआ था। पिता के प्रेम पर उपदेश देने के बाद, एक बहुत ही दुःखी और क्रोधित युवती मेरे पास आई। वह अपने सांसारिक पिता के साथ दर्दनाक अनुभवों के कारण पिता के समान परमेश्वर के प्रेम को समझ नहीं पाई। मुझे उसे हमारे स्वर्गीय पिता के वास्तविक स्वभाव के बारे में प्यार से



समझाना पड़ा - कैसे वह किसी भी सांसारिक पिता से अलग है, और कैसे उसका प्रेम परिपूर्ण, चुगाई देने वाला और बिना शर्त वाला है। तभी वह समझ पाई कि परमेश्वर के प्रेम का वास्तव में क्या अर्थ है।


पिता की भूमिका सभी संस्कृतियों में बहुत महत्वपूर्ण है। उसे अक्सर परिवार का मुखिया माना जाता है - उसे अपने घर का भरण-पोषण करने, महत्वपूर्ण निर्णय लेने और अपने

बच्चों का पालन-पोषण करने की ज़िम्मेदारी सौंपी जाती है।

यह देखना दिलचस्प है कि बाइबल बार-बार परमेश्वर को पिता के रूप में कैसे वर्णन करती है। यीशु स्वयं हमें इस अंतरंग तरीके से परमेश्वर को संबोधित करना सिखाता है ... हे हमारे पिता तू जो स्वर्ग में है... मत्ती 6:9। आइए हम पवित्रशास्त्र के लेंस से - विशेष रूप से लूका अध्याय 15 से - यह पता लगाते हैं कि आत्मिक या जैविक अर्थ में ”पिता“ होने का वास्तव में क्या अर्थ है।

यह अध्याय एक परिचित दृष्टांत का वर्णन करता है, लेकिन मुझे एक संक्षिप्त सारांश प्रदान करने दें। कहानी एक धनवान पिता से शुरू होती है जिसके दो बेटे हैं। छोटा बेटा, अपनी इच्छाओं से प्रेरित होकर, विरासत में अपना हिस्सा मांगता है और सांसारिक सुखों की तलाश में घर छोड़ देता है। वह सब कुछ बर्बाद कर देता है और अंततः खुद को बेसहारा पाता है, सूअरों को चराने और उनक खाना खाने के लिए तरसने तक सीमित हो जाता है। अपने सबसे बुरे पल में, वह अपने पिता को याद करता है - एक बेटे के रूप में नहीं, बल्कि एक नौकर के रूप में।

फिर भी, जब वह घर लौटता है, तो उसक पिता उसे दूर से देखता है, दौड़कर उसे गले लगाता है, उसे अच्छे कपड़े और आभूषण पहनाता है, और उसकी वापसी का जश्न मनाने के लिए एक शानदार दावत का आयोजन करता है।



*छोटा बेटा सुअरों को चराता है*

इस बीच, बड़ा बेटा-जो घर पर ही रहकर अपने पिता की सेवा ईमानदारी से कर रहा था - अनदेखा और नाराज़ महसूस करता है। वह जश्न में शामिल होने से इनकार करता है, अपने पिता के प्यार की गहराई को समझने के लिए संघर्ष करता है। विडंबना यह है कि, हालांकि वह शारीरिक रूप से करीब था, लेकिन वह भावनात्मक रूप से दूर रहा। इसके विपरीत, छोटे बेटे को, अपने विद्रोह के बावजूद, अपने पिता के चरित्र की आंतरिक समझ थी। दूर-दराज के देश में भी, उसे विश्वास था कि वह अभी भी वापस आ सकता है - निंदा के लिए नहीं, बल्कि स्वीकार किए जाने के लिए।

## *हमारे पिता के रूप में परमेश्वर :*

## 1. एक प्यार करने वाला पिता!

जबकि इस दृष्टांत को अक्सर छोटे बेटे को केंद्रीय व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, आइए हम इसके बजाय पिता को मुख्य चरित्र के रूप में देखें। वह हमारे प्यारे स्वर्गीय पिता का प्रतिनिधित्व करता है - एक ऐसा परमेश्वर जो अपने बच्चों से इस आधार पर प्यार नहीं करता कि वे क्या करते हैं या वे कौन हैं, बल्कि पूरी तरह से इस आधार पर करता है कि वह स्वयं कौन है।

उसका प्यार निरंतर, अटूट और बिना शर्त वाला है।

निर्गमन 4:22 में, इस्राएलियों का परमेश्वर के ज्येष्ठ पुत्र के रूप में उल्लेख किया गया है। बार-बार उससे दूर होने के बावजूद, परमेश्वर ने उन्हें बचाना जारी रखा और अपनी शक्तिशाली और फैली हुई भुजा से उनकी देखभाल की। अपने बच्चों के लिए उसका प्यार कभी कम नहीं हुआ।

इसी तरह, इस कहानी में, पिता अपने बेटे की असफलताओं के लिए उसे डांटता या उसकी आलोचना नहीं करता। इसके बजाय, वह खुले हाथों से उसका स्वागत करता है और आनन्द के साथ उसके लौटने का जश्न मनाता है। वह अतीत के बारे में नहीं सोचता, बल्कि पुनर्मिलन में आनन्दित होता है।

हमारे स्वर्गीय पिता का प्रेम ऐसा ही है - अथाह, दयालु और विनामूल्य दिया गया। वह हमें हमारी योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि उसके अनुग्रह और दया की भरपूरी के आधार पर स्वीकार करता है।

बाइबल हमें सिखाती है,

**हे बच्चेवालो, अपने बच्चों को रिस न दिलाओ, परन्तु प्रभु की शिक्षा और चेतावनी देते हुए उनका पालनदृपोषण करो।** (इफिसियों 6:4, एनएलटी)।



*पिता का प्रेम*

हममें से कुछ लोग मानते हैं कि अपने बच्चों के साथ कठोरता से पेश आना या उनसे निर्दयी शब्दों में बात करना स्वीकार्य है। हालांकि, पवित्रशास्त्र हमें याद दिलाता है कि अपने बच्चों को अनुशासित करते समय भी हमें कोमल और विचारशील होना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि हम उन्हें क्रोधित न करें। प्रभु हमें ऐसे पिता बनने में

*पृष्ठ 6 से आगे:...*

GREAT COMMISSION PARTNERS
ECHO OF HIS CALL MINISTRIES
SINCE 1969

# महान आदेश के भागी

✲ **भार उठना** (गलातियों 6:2), ✲ **सहायता करना** (रोमियों 12:13) **और** ✲ **चमकाना** (2 तीमु. 1:6)



## स्तुति और प्रार्थना निवेदन

**19 जून 2025, से 18 जुलाई 2025 तक**

(कृपया इस पृष्ठ को फाड़िये, घड़ी कीजिए और उसे अपनी बाइबल में रखकर निरंतर प्रार्थना कीजिए।)

### स्तुति विषय

१६ जूनः समर्पित सहयोगी संपादक जो हमें १६ भाषाओं में एको ऑफ़ हिज़ कॉल पत्रिका को समय पर प्रकाशित करने में मदद करते हैं।

२० जूनः १९६९ में हमारी स्थापना के बाद से हमारी पत्रिका सेवकाई पर उसकी आशीष के लिए।

२१ जूनः एको ऑफ़ हिज़ कॉल सेवकाई के सभी प्रायोजकों के लिए।

२२ जूनः १७ मईए २०२५ को महाबलीपुरम में आयोजित नहेम्याह बाइबल कॉलेजों के छात्रों के रिट्रीट पर परमेश्वर की आशीष के लिए।

२३ जूनः हमारे शुभचिंतकों की प्रार्थना और वित्तीय सहायता के लिए।

२४ जूनः हमारे आवासीय और सान्ध्यकालीन नहेम्याह बाइबल कॉलेजों और सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल के २०२४.२५ शैक्षणिक वर्ष के सफलतापूर्वक समापन के लिए।

२५ जूनः परमेश्वर के अनुग्रह के लिए जिसने हमारी सेवकाई को वर्षों से फल देने में सक्षम बनाया है।

२६ जूनः हमारे वरिष्ठ पादरी और उनके परिवार को सभी प्रकार की बुराइयों से ईश्वरीय सुरक्षा के लिए।

२७ जूनः सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल और नहेम्याह बाइबल कॉलेजों में २०२५-२६ शैक्षणिक वर्ष के लिए प्रवेश प्रक्रिया पर आशीष के लिए।

२८ जूनः हमारे बाइबल कोर, बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम और ईश्वर विज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रमों के आत्मिक प्रभाव के लिए।

२९ जूनः युवा और बाल देखभाल सेवकाई के लिए हमारे वैश्विक दृष्टिकोण पर परमेश्वर के हाथ के लिए, विशेष रूप से दुनिया भर के युवाओं और बच्चों के लिए हमारी दैनिक १०:०० बजे की मध्यस्थता के लिए।

३० जूनः हमारे एको ऑफ़ हिज़ कॉल कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा और प्रावधान के लिए।

०१ जुलाईः हमारे मुख्य और शाखा चर्चों में हमारे अवकाशकालीन बाइबल स्कूल कार्यक्रमों से फलदायी परिणाम के लिए।

०२ जुलाईः हमारे एको ऑफ़ हिज़ कॉल चर्च अचीवर्स अवार्ड फंक्शन की सफलता के लिए।

०३ जुलाईः हमारे सभी नहेम्याह बाइबल कॉलेज के छात्रों पर परमेश्वर की सुरक्षा के लिए।

### कृपया प्रार्थना करें

०४ जुलाईः दुनिया भर के मिशनरियों के लिए ईश्वरीय सुरक्षा।

०५ जुलाईः सभी देशों में शांति कायम हो।

०६ जुलाईः हाशिए पर पड़े और वंचित लोगों का आर्थिक उत्थान।

०७ जुलाईः दूरदराज के इलाकों में वंचित लोगों तक पहुँचने वाले मिशनरियों के लिए सुरक्षा और ताकत।

०८ जुलाईः इस महीने हमारी सभी ज़रूरतों के लिए परमेश्वर का प्रावधान।

०९ जुलाईः हर देश में परमेश्वर का भय मानने वाला नेतृत्व।

१० जुलाईः हमारे वरिष्ठ पादरी रेव्ह. एस. सैम सेल्वा राज और उनके परिवार की सुरक्षा और कल्याण।

११ जुलाईः २०२५.२६ शैक्षणिक वर्ष के लिए हमारे आवासीय और सान्ध्यकालीन नहेम्याह बाइबल कॉलेजों और सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल में प्रवेश पाने के लिए योग्य छात्र।

१२ जुलाईः नहेम्याह बाइबल कॉलेज के नए छात्रों के लिए परमेश्वर का मार्गदर्शनए जिनकी कक्षाएँ २ जूनए २०२५ को शुरू होंगी।

१३ जुलाईः एको ऑफ़ हिज़ कॉल मिनिस्ट्रीज़ के लिए और अधिक समर्पित सेवकों को तैयार किया जाए।

१४ जुलाईः दुनिया भर के सभी आत्मिक अगुओं के लिए बुद्धि और सामर्थ्य।

१५ जुलाईः हमारे प्रार्थना भागीदारों, सदस्यता भागीदारों, विश्वास भागीदारों, जीवन भागीदारों और महान आदेश भागीदारों और उनके परिवारों पर परमेश्वर की दया।

१६ जुलाईः हमारी सभी सेवा सभाओं  और संगठनात्मक गतिविधियों पर परमेश्वर का अनुग्रह।

१७ जुलाईः आतंकवाद और हिंसा से सभी देशों की सुरक्षा।

१८ जुलाईः हमारे कार्यालय और मुद्रण कर्मचारियों के लिए अच्छा स्वास्थ्य और बल।

*पृष्ठ 4 से आगे:...*

मदद करें जो उनके हृदय को प्रतिबिंबित करते हैं।

हमारा अच्छा पिता हमेशा हमारे वापस लौटने का इंतज़ार कर रहा है। चाहे हम अपने स्वर्गीय पिता से कितनी भी दूर क्यों न चले गए हों, वह हमें प्यार और खुली बाहों के साथ वापस स्वागत करने के लिए तैयार है।

## 2. चाह रखने वाला पिता

लूका 15:20 में हम पढ़ते हैं : **तब वह उठकर, अपने पिता के पास चला : वह अभी दूर ही था कि उसके पिता ने उसे देखकर तरस खाया, और दौड़कर उसे गले लगाया, और बहुत चूमा।** यह हृदय को छू लेने वाला पल पिता के हृदय को दिखाता है जो प्रतिदिन इंतज़ार करता था और चाह रखता था, इस आशा से कि उसका बेटा लौट आएगा।

उसी तरह, हमारा स्वर्गीय पिता भी हम में से हर एक के साथ पुनर्स्थापित रिश्ते की आशा करता है। आदम और हव्वा के साथ भी वह यही चाहता था – और वह हमसे आज भी यही चाहता है – चाह रखता है और इंतज़ार करता है!

तौभी यहोवा लालसा रखता है कि तुम पर अनुग्रह करे... यशायाह 30:18 एनआयवी। वह अपनी दया, अनुग्रह और कृपा उण्डेलने का इंतज़ार करता है – जैसे इस दृष्टांत का पिता।

जब हम उसकी ओर लौटते हैं, तब वह हमसे न तो सवाल करता है, और न ही हमें लज्जित करता है। उसके बदले, वह हमें गले से लगाएगा और अपनी भलाई को हमें आशीष देगा। यदि आप परमेश्वर से दूर महसूस करते हैं, उसके प्रेम के अयोग्य महसूस करते हैं, या लौटने में हिचकते हैं – तब यह जानें : आप केवल एक कदम दूर हैं। वह अब आपका इंतज़ार करता है।

## 3. विरासत छोड़ जाना



*बच्चे अपने पिता से बहुत कुछ सीखते हैं*

यह पितृत्व का एक महत्वपूर्ण तथा ऐसा पहलू है जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। एक पुरानी कहावत है, "जैसा पिता वैसा बेटा," जो कि सच है। पिता न केवल बच्चों को अपने जीन्स देता है – बल्कि वे जैविक और आत्मिक गुण भी देते हैं। कई जवान लोगों के लिए, उनका पिता उनका पहला हिरो होता है। वे उनसे बहुत कुछ सीखते हैं – केवल कैसे जीना यही नहीं, बल्कि कैसे नहीं जीना चाहिए वह भी।

दुख की बात है, अक्सर नकारात्मक गुण ज्यादा आसानी से बच्चों को मिलता है। फिर भी, पिता एक स्थायी विरासत छोड़ जाता है, चाहे उन्हें अहसास हो या न हो। अपने बच्चों के आत्मिक जीवनों को आकार देने की अत्यावश्यक भूमिका वे निभाते हैं।

निर्गमन 15:2 में हम पढ़ते हैं :

**यहोवा मेरा बल और भजन का विषय है, और वही मेरा उद्धार भी ठहरा है; मेरा परमेश्वर वही है, मैं उसी की स्तुति करूँगा, मेरे पूर्वजों का परमेश्वर वही है, मैं उसको सराहूँगा।**

"मेरे पूर्वजों का परमेश्वर" यह वाक्यांश पिता के प्रभाव से छोटी उम्र में सीखा हुआ परमेश्वर में विश्वास प्रतिबिम्बित करता है।

व्यवस्थाविवरण 32:7 कहता है :

**प्राचीनकाल के दिनों को स्मरण करो, पीढ़ी पीढ़ी के वर्षों को विचारो; अपने बाप से पूछो, और वह तुम को बताएगा।**

भजन 44:1 कहता है :

**हे परमेश्वर, हम ने अपने कानों से सुना, हमारे बापदादों ने हम से वर्णन किया है, कि तू ने उनके दिनों में और प्राचीनकाल में क्या क्या काम किए हैं।**

भजन 78:3–4 घोषणा करता है :

**जिन बातों को हम ने सुना, और जान लिया, और हमारे बाप दादों ने हम से वर्णन किया है। उन्हें हम उनकी सन्तान से गुप्त न रखेंगे, परन्तु होनहार पीढ़ी के लोगों से, यहोवा का गुणानुवाद और उसकी**

*पृष्ठ 9 में क्रमश:...*

ECHO OF HIS CALL 1969-2019 REACHING NATIONS

NEHEMIAH BIBLE COLLEGES,
Chepauk & Santhoshapuram, Velachery Chennai.
Qualification : 10th Standard & above
Rush for admission! Medium :Tamil (Part Time)
Hindi (Residential) (Sponsorship Available)
Diploma in Theology
Recognised by International Christian Leaders & Senior Pastors for the past 55 years
Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

## कृपया हमारे मुख्यालय में हो रहे सेवाकार्यों के लिए प्रार्थना करें!

१. प्रार्थना सेवा : २४ घंटे
२. **बाइबलकोर** - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम : अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी
३. **बुलावे की प्रतिध्वनि (एको ऑफ हिज़ कॉल)** - मासिक पत्रिका अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती, बगाली, उड़िया, नेपाली, आसामी, पंजाबी, उर्दू, सिन्हाला, अफ्रीकान
४. नहेम्याह बाइबल कॉलेज (तीन केन्द्र)
५. थियोलॉजिकल प्रशिक्षण कोर्स - अंग्रेजी एवं तमिल
६. ग्रेट कमिशन पार्टनर्स
७. प्रशिक्षण कार्यक्रम
८. सुसमाचार सभाएं
९. साहित्य वितरण और फॉलो-अप
१०. सुसमाचार साहित्य मुद्रणालय -प्रकाशन
११. सेंट पॉल्स मॅट्रिक्युलेशन स्कूल- विलेज इंग्लीश स्कूल
१२. सण्डेस्कूल रविवार प्रातः ८.३० बजे
**१३. तमिल उपासना रविवार प्रात ५.०० बजे - ७.०० बजे १०.००बजे**
**१४. हिन्दी उपासना रविवार सायं ४.०० बजे**
**१५. तेलुगू उपासना रविवार सायं ५.०० बजे**
**१६. अंग्रेजी तथा तमिल उपासना रविवार सायं ६.०० बजे**
१७. महिलाओं की प्रार्थना सभा बुधवार सायं ५.३० बजे
१८. पुरुषों की प्रार्थना सभा शुक्रवार सायं ६.३० बजे
१९. शिष्यता की सभा शनिवार सायं ६.०० बजे
२०. गृह सभाएँ मंगल.गुरु सायं ६.३० बजे
२१. विशेष पवित्र सहभागिता-प्रभुभोज प्रतिमाह के १ ला दिवस पर प्रातः ५.३० बजे
२२. कर्मचारी समीक्षा सभा प्रथम शनिवार सायं ५.३० बजे
२३. पालकों की प्रार्थना सभा प्रथम रविवार सायं ४.०० बजे
२४. रात्रकालिन प्रार्थना द्वितीय शुक्रवार रात ९.३० बजे
२५. उपवास के साथ प्रार्थना प्रथम शनिवार सायं ६.३० बजे
२६. पवित्र प्रभुभोज द्वितीय रविवार की उपासनाएँ
२७. प्रातःकालीन उपासना प्रतिदिन प्रातः ५.०० बजे
२८. कर्मचारी वर्ग द्वारा प्रार्थना उपासना प्रतिदिन प्रातः ९.०० बजे
२९. कार्यालय प्रातः ९.०० बजे से सायं ६.०० बजे (रविवार छोड़कर)

## ऍको ऑफ हिज़ कॉल पत्राचार पाठ्यक्रम केवल भारत में उम्मीदवार के लिए

### 1. बाइबलकोर

हम नए मसीहियों और गैर–मसीहियों के लिए बाइबल के बुनियादी सत्य पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हैं अंग्रेजी–57 पृष्ठ, हिन्दी–76 पृष्ठ, और तमिल–96 पृष्ठ। आपको एक पाठ्यक्रम पुस्तक मिलेगी जिसका शीर्षक है नया जीवन – आपके लिए! इस कोर्स के पूरा होने के बाद आपको ***आपके लिए नया जीवन*** शीर्षक युक्त पाठ्यक्रम की एक पुस्तक प्राप्त होगी।

### 2. ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम

ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम नामक एडवान्स्ड डिस्टन्स एज्युकेशन पासबानों, सुसमाचार प्रचारकों और मसीही अगुवों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें परमेश्वर की सेवा के लिए बोझ है– अंग्रेज़ी 537 पृ. और तमिल 652 पृ. ! शुल्क रु. 1000/– लिया जाएगा, 149 अध्यायों की सात पुस्तकें दी जाएगी। सर्टिफिकेट इन मिनिस्ट्री दिया जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष दे!

***अधिक जानकारी के लिए आज ही सम्पर्क करें।***

**The Chairman, Nehemiah Bible College,**
Echo of His Call, Post Box 2957
CHEPAUK, CHENNAI - 600 005.
Ph.: (044) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766,
Cell : 98410 71852, 95661 31858
E.mail : biblecor@yahoo.co.in

## एको ऑफ हिज़ कॉल मासिक पत्रिका विनामूल्य पाने का उत्तम अवसर

यदि आप डाक, पत्र, ईमेल, वॉट्स अप या फोन करके अपने मित्रों/रिश्तेदारों के पते भेज सके, तो हम उन्हें **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका विनामूल्य भेजेंगे।

## कर में छूट

किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा ''एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट'' को दिया गया दान आयकर कानून की धारा ८० जी. के तहत कर मुक्त माना जाता है। इसके लिए अधिकृत रसीद दी जाएगी। दानदाताओं से निवेदन है कि वे अपने चेक तथा ड्राफ्ट **''एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट''** के नाम पर आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ भेज दें।

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | ECHO OF HIS CALL EDUCATIONAL TRUST |
| Account Number | : | 1023 2923 805 |
| Bank Name | : | STATE BANK OF INDIA |
| Branch | : | TRIPLICANE, CHENNAI - 600 005 |
| IFSC Code | : | SBIN 0000249 |
| SWIFT Code | : | SBI NIN BB 455 |



# खाई से महल तक

## (पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज के जीवन अनुभव)

*"जो पढ़े वह समझे"* मत्ती 24:15

**यहोवा का धन्यवाद करो, क्योंकि वह भला है, और उसकी करुणा सदा की है।**
(भजन 136:1,23)

मेरे सेवकाई जीवन की शुरुआत से ही, परमेश्वर ने मुझे किसी भी हद तक जाने और ईश्वर की महिमा करने तथा उसके राज्य के विस्तार के लिए किसी भी चुनौती को स्वीकार करने का मन दिया, बिना किसी तत्काल प्रतिफल की आशा किए। वर्ष 1976 से 1986 तक, मुझे अपने सरकारी कार्यालय से छुट्टी लेने और अपने स्वयं के पैसे खर्च करके भारत के विभिन्न भागों में छोटे क्रूसेड्स के माध्यम से सुसमाचार के लिए यात्राएँ आयोजित करने और सुसमाचार प्रचार करने की आदत थी।

प्रभु ने मुझे अपने आत्मिक मित्रों को कम से कम एक या दो महीने के लिए विभिन्न भागों में ले जाने और वंचित गाँवों में जाकर यीशु मसीह के सुसमाचार के द्वारा हजारों लोगों के जीवन को छूने में मदद की। कई बार, मुझे अपनी सभी आर्थिक जरूरतों के लिए परमेश्वर पर निर्भर रहना पड़ा, क्योंकि मुझे अपने और अपने सहयोगियों के लिए ट्रेन टिकट, बस टिकट, होटल आवास बुक करना पड़ता था। परमेश्वर ने चमत्कारिक रूप से मेरी मदद की।

इस सेवकाई के माध्यम से, परमेश्वर ने मुझे चेंगलपुट जिले, विल्लुपुरम जिले, मदुरै जिले, त्रिची जिले और कन्याकुमारी जिले, कोडाईकनाल, ऊटकमंड, त्रिवेंद्रम, पीरमाडे, इडुक्की, वंडीपेरियार, विजयवाड़ा, बैंगलोर, मैसूर आदि के विभिन्न दूरदराज के क्षेत्रों का दौरा करने में मदद की। अपनी यात्राओं के दौरान, मैंने बसों और ट्रेनों के माध्यम से हमारे संगीत वाद्ययंत्रों और सुसमाचार के ट्रैक्ट को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में विभिन्न प्रकार की शारीरिक पीड़ाओं का अनुभव किया। मेरी आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण, मैं सेवकाई के लिए वाहन रखने के बारे में सोच भी नहीं सकता था। लेकिन परमेश्वर मेरे रवैये को देख रहा था और मेरी गवाही सुन रहा था। **क्योंकि परमेश्वर अन्यायी नहीं कि तुम्हारे काम, और उस प्रेम को भूल जाए, जो तुम ने उसके नाम के लिये इस रीति से दिखाया, कि पवित्र लोगों की सेवा की और कर भी रहे हो।** इब्रानियों 6:10।

बाद में मैंने पाया कि परमेश्वर ने मेरे सभी सहकर्मियों को आशीष दी और उन्हें उच्च स्तरों पर पहुंचाया तथा आज भी अपने दाख की बारी में उनका सामर्थी रूप से उपयोग कर रहा है। उसने मुझे नवीनतम उपकरण, कार, वैन और उत्साही कार्यकर्ताओं जैसी सभी सुविधाओं से भी आशीष दी तथा मुझे भारत के अविश्वासी लोगों को सुसमाचार का प्रचार करने के लिए अधिक से अधिक सक्षम बना रहा है। साथ ही परमेश्वर ने मुझे आदर दिया, मुझे दुनिया के विभिन्न देशों में ले गया तथा मुझे अच्छे मित्रों से आशीष दी।

वही परमेश्वर अभी भी जीवित है। वह ऐसे इच्छुक व्यक्तियों की तलाश कर रहा है जो बिना किसी तत्काल प्रतिफल, उच्च पदों और भ्रष्ट इरादों की अपेक्षा के उसकी सेवा करने के लिए आगे आ सकें। **अपनी रोटी जल के ऊपर डाल दे, क्योंकि बहुत दिन के बाद तू उसे फिर पाएगा।** सभोपदेशक 11:1। वह किसी का कर्ज़दार नहीं है।

व्यक्तिगत रूप से मैंने सीखा है कि यदि हमारे मन में परमेश्वर के राज्य के लिए कुछ करने की इच्छा है, तो हमें इसे तुरन्त करना चाहिए, हवा को देखे बिना और बादलों को देखे बिना, **जो वायु को ताकता रहेगा वह बीज बोने न पाएगा, और जो बादलों को देखता रहेगा वह लवने न पाएगा।** सभोपदेशक 11:4। संसार और सांसारिक लोग तुम्हारे साथ खड़े होंगे।

आजकल, हमारे लोग परमेश्वर के राज्य को आगे बढ़ाने में अपना स्वास्थ्य, पैसा और वरदानों को निवेश नहीं करना चाहते हैं; इसके बजाय वे तत्काल उन्नति और तत्काल पुरस्कार की अपेक्षा करते हैं। प्रिय मित्र, मैं यीशु मसीह के सुसमाचार के कारण वास्तव में आशीषित हूं। वह वास्तव में तुम्हें भी आशीष दे सकती है। क्या आप अभी यीशु मसीह के लिए कुछ करने के लिए आगे आ सकते हैं? क्या आप अपना क्रूस उठाकर उसका अनुसरण कर सकते हैं? **परमेश्वर ऐसे इच्छुक व्यक्तियों की तलाश कर रहा है जो वास्तव में उसके महिमामय सुसमाचार को आगे बढ़ाने में रुचि रखते हैं - किसी भी तरह से - हर कीमत पर।** (1 कुरिन्थियों 9:22)।

जब आप उनके शब्दों को पढ़ेंगे, तो आपको पता चल जाएगा कि परमेश्वर के पास आपके लिए एक विशेष योजना है! सांसारिक धन, स्वास्थ्य, रिश्ते और प्रसिद्धि एक दिन आपको धोखा देंगे!! लेकिन यीशु मसीह आपको **अनाथ नहीं छोड़ेगा।** यूहन्ना 14:18। आज ही निर्णय लें। एक महान प्रतिफल आपका इंतजार कर रहा है!

************

*पृष्ठ 6 से आगेः...*

**सामर्थ्य और आश्चर्यकर्मों का वर्णन करेंगे।**

ये पद स्पष्ट करते हैं : बच्चे अपने पिता से सीखते हैं, और हर पिता की ज़िम्मेदारी है कि वह अगली पीढ़ी को आत्मिक ज्ञान और ईश्वरीय मूल्य प्रदान करे।

दुःख की बात करते हैं, हमारे बच्चों के जीवन में कई पाप पिछली पीढ़ियों से चली आ रही आदतों में निहित हैं। लेकिन परमेश्वर की इच्छा है कि हम आशीष की आत्मिक विरासत छोड़ें, न कि अभिशाप की।

बाइबल कई उदाहरण प्रदान करती है, विशेष रूप से इस्राएल और यहूदा के राजाओं के बीच, जहां बेटों ने अपने पिताओं के पापी मार्गों का अनुसरण किया और अर्थहीन जीवन जिया। 2 राजा 21:21 में, हम मनश्शे के पुत्र आमोन के बारे में पढ़ते हैं :

**वह पूरी तरह अपने पिता के समान चाल चला, और जिन मूरतों की उपासना उसका पिता करता था, उनकी वह भी उपासना करता, और उन्हें दण्डवत् करता था।**

क्या त्रासदी है!

मनश्शे खुद महान राजा हिजकिय्याह का पुत्र था - एक ऐसा व्यक्ति जो प्रभु से बहुत प्यार करता था। फिर भी, मनश्शे का क्या हुआ? उसे परमेश्वर के प्रति उसी भक्ति के साथ क्यों नहीं पाला गया? यह हर पिता के लिए एक महत्वपूर्ण सवाल उठाता हैरू आप अपने पीछे क्या विरासत छोड़कर जा रहे हैं?

1 राजा 11:9 में हम पढ़ते हैं, **तब यहोवा ने सुलैमान पर क्रोध किया, क्योंकि उसका मन इस्राएल**



*सुलैमान की पत्नियां उसे दूसरे देवताओं के पास ले गईं*

**के परमेश्वर यहोवा से फिर गया था जिस ने दो बार उसको दर्शन दिया था,**

पूरे शास्त्र में, हम ऐसे कई पिताओं से मिलते हैं, जिन्होंने ईश्वरीय विरासत नहीं छोड़ी, जिससे उनके बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर संकट आया। इसके विपरीत, आसा, यहोशापात और योशिय्याह जैसे राजाओं ने जानबूझकर अपने पिताओं के पदचिन्हों का अनुसरण किया, और विश्वास की स्थायी विरासत स्थापित की। उनकी आज्ञाकारिता ने न केवल उनके अपने घरानों को आशीष दी, बल्कि पड़ोसी देशों में भी शांति लाई - **2 इतिहास 17:10 घोषित करता है, ... यहूदा के आस पास के देशों के राज्य राज्य में यहोवा का ऐसा डर समा गया कि उन्होंने यहोशापात से युद्ध न किया।**

हम अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के लिए किस तरह की विरासत छोड़ेंगे? यहाँ



*प्रभु का भय सभी राज्यों पर छा गया*

तक कि परमेश्वर के सेवक भी इस जोखिम से अछूते नहीं हैं। मूसा, एली, शमूएल और दाऊद - प्रत्येक प्रभु के महान सेवक - पिता के रूप में अपनी भूमिका में संघर्ष करते रहे। हम आत्मिक विरासत बनाने में उत्साही हो सकते हैं, जैसे मूसा ने यहोशू के साथ या एलिय्याह ने एलीशा के साथ जोड़ी बनाई, लेकिन क्या हम अपने बच्चों को प्रभु के भय और ज्ञान में बढ़ाने के लिए उसी तरह समर्पित हैं?

उड़ाऊ पुत्र की कहानी पर विचार करें : उसके विद्रोह और अपव्यय के बावजूद, पिता का लालसा भरा प्रेम कभी कम नहीं हुआ। स्वर्गीय पिता का यह चित्र हमें याद दिलाता है कि परमेश्वर हमें प्रेमपूर्ण, धैर्यवान माता-पिता बनने के लिए बुलाता है, जो विश्वास से भरी विरासत को स्थायी बनाता है। प्रभु हमें अपने अनुग्रह और भक्ति का आदर्श बनाने के लिए सामर्थ्य दे ताकि हमारे बच्चे और उनके बच्चे उनके मार्गों पर चल सकें।

************

**URGENT NEED for CHRISTIAN OFFICE**

**1. COMPUTER OPERATORS**

**2. PRINTING PRESS OPERATORS**

**Contact : (+91) 98412 71858, E.mail : sam@echoofhiscall.org**

**NOTICE**

Please store the Mobile Phone numbers (+91) 98410 71858, (+91) 98412 71858 of Pastor S. Sam Selva Raj on your mobile phones.

- Editor

Posted at "Egmore RMS Patrika Channel" RNI.No.63656/95, Postal Regn.No.TN/CH/(C)/202/24-26 WPP.No.TN/PMG(CCR)/WPP-222/24-26

## एको ऑफ हिज़ कॉल

**यू ट्यूब**

Please subscribe

कृपया आपके समय के अनुसार हमारा **एको ऑफ हिज़ कॉल यू ट्यूब चैनल** देखें और उसे सब्स्क्राईब करें। - धन्यवाद

## OUR BANK DETAILS:

### *1. Bank : State Bank of India*

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **S. Sam Selva Raj**
A/C No. : **1023 2934 679**
IFSC : **SBIN 00 00 249**
SWIFT CODE : **SBI NIN BB 455**

### *2. Bank : ICICI Bank*

Branch : **Anna Salai, Chennai-6**
Name : **Echo of His Call**
A/C No. : **6038 0502 2319**
IFSC : **ICIC 000 6038**

### *3. Bank : State Bank of India*

**(This Account is for Tax Exemption for Indians only )**

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **Echo of His Call Educational Trust**
A/C No. : **1023 2923 805**
IFSC : **SBIN 00 00 249**

**Google Pay: 98410 71858**
**PayPal : SAM SELVA RAJ**

*****

**E.mail : sam@echoofhiscall.org**

# एको ऑफ हिज़ कॉल

१६ भाषाओं में मासिक पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम, कलीसिया रोपन, ग्रामीण अंग्रेज़ी हायस्कूल, सुसमाचार छापखाना, क्रूसेड, सेमिनार, समाज सेवा आदि।

**वार्षिक शुल्कः रु. १००/-** **आजीवन शुल्कः रु. २,०००/-**

**एको ऑफ हिज़ कॉल** की गतिविधियां आपके समान परमेश्वर के लोगों के स्वेच्छा दानों और भेंटों से पूरी की जाती हैं। आप परमेश्वर की अगुवाई के अनुसार **एको ऑफ हिज़ कॉल** और उसके सारे कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता भेज सकते हैं। अनपहुंचे लोगों को सुसमाचार सुनाने हेतु और कलीसिया की स्थापना के लिए हमें आपकी सहायता की ज़रूरत है।

अगर आप **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका नियमित रूप से प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया हमें लिख भेजें। जब कभी अपना पता या ई-मेल बदलें तो कृपया अपने पुराने एवं वर्तमान पते के बारे में अवश्य सूचना दें।

**एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाई १६ भाषाओं की मासिक पत्रिका हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आप इस साइट पर जाकर और उसे डाऊनलोड करके उसे पढ़ सकते हैं और आशीष पा सकते हैं।

आपके पत्र, प्रार्थना अनुरोध और आपकी आर्थिक सहायता (मनी ऑर्डर, चेक या डिमांड ड्राफ्ट, एनईएफटी, पेपॅल को(Sam Selva Raj, sam@echoofhiscall.org) PhonePe (98410 71858), Gpay (98410 71858), Western Union, MoneyGram, etc.) कृपया निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती है।

कृपया अपना **लैंड लाईन फोन/सेल फोन क्रमांक और ई-मेल पत्ता** आवश्यक सुधार/अद्यतनीकरण के लिए भेजें।

Our address :

**ECHO OF HIS CALL**

10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA
PH: (+91-44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766/ Cell: (+91) 98410 71852, 95661 31858 / E.mails: sam@echoofhiscall.org / biblecor@yahoo.co.in
Websites: www.echoofhiscall.org / www.stpaulsmatriculation.org

**YOU CAN SEND YOUR DONATION ONLINE ALSO**

Regd. with the RNI under No . 63656/95
Licenced to post without pre-payment
Postal Regn. No. TN/CH (C) /202/24-26
Licence No. WPP. No. TN/PMG(CCR)/WPP-222/24-26
Date of Publication: Second week of every month
Date of Posting : 8th & 9th of every month
Posted at "Egmore RMS Patrika Channel"
on 9th JUNE 2025
If un-delivered please return to:
ECHO OF HIS CALL (HINDI)
P.O. Box No. 2957, Chepauk, Chennai - 600 005, INDIA.
Phone: (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766

*JESUS LOVES YOU!*

To

*GOD BLESS YOU!*

Owned and published by **S. Sam Selva Raj** from New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005 and printed by **S. Sam Selva Raj** at **Echo of His Call Printers,** New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005. Editor: **S. Sam Selva Raj.**